>

Title: Need to protect the interest and livelihood of people living in the surroundings of religious and historical sites while implementing conservation and preservation schemes meant for such sites.

श्री हरी माझी (गया): मैं केन्द्र सरकार का ध्यान बिहार राज्य में महात्मा बुद्ध की तपोभूमि बोधगया स्थित महाबोधि मंदिर में सिलसिलेवार बम विस्फोटों पर चिंता की ओर दिलाना चाहता हूं। बम विस्फोट के बाद सुरक्षा में लिए गए कुछ कदम उठाए गए हैं। बोधगया मंदिर की चार-दीवारी के बाहर सुरक्षा के कारण आम रास्ता भी बंद कर दिया गया है। रास्ता बंद होने के कारण जनता में आक्रोश है। बोधगया मठ के आसपास निजी भूमि तथा मठ की भूमि पर बसे व्यापारियों की दुकानों को तोड़ दिया गया है, ये व्यापारी कई वर्षों से यहां दुकानें लगा रहे थे, उनको हटा दिया गया, जिसके कारण लोग बेरोजगार हो गए हैं, इसके कारण व्यापारी वर्ग में भारी रोष है। मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि धार्मिक स्थलों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं, लेकिन स्थानीय लोगों के हितों को ध्यान में रखा जाए, साथ ही व्यापारियों के रोजगार का भी ध्यान रखा जाए।